BUSINESS STANDARD
N. D. 28/11/2018

प्राकृतिक रबर उत्पादन में 8 प्रतिशत का इजाफा

प्राकृतिक रबर उत्पादन इस साल अक्टूबर महीने में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 67 हजार टन पर पहुंच गया। इसका आयात भी इस दौरान 63 प्रतिशत बढ़कर 62 हजार टन से अधिक हो गया। रबर बोर्ड के शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। पिछले साल अक्टूबर महीने में प्राकृतिक रबर उत्पादन 62 हजार टन था। आलोच्य महीने के दौरान प्राकृतिक रबर की खपत भी पिछले साल के 89 हजार टन से बढ़कर 1.02 लाख टन पर पहुंच गई। इस दौरान आयात 38,048 टन से बढ़कर 62,047 टन पर पहुंच गया। हालांकि, निर्यात इस दौरान 479 टन से गिरकर शून्य पर आ गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के दौरान प्राकृतिक रबर उत्पादन 3.82 लाख टन से कम होकर 3.44 लाख टन पर आ गया। *भाषा*